NBT
नवभारत टाइम्स
Hindi

Muzaffarpur News : एक करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त, म्यांमार से यूपी जाने के दौरान मुजफ्फरपुर में कार्रवाई

October 16, 2021

Sunil Pandey | नवभारतटाइम्स.कॉम | Updated: 16 Oct 2021, 4:55 pm

संदीप कुमार, मुजफ्फरपुर : एक करोड़ रुपए का विदेशी सिगरेट का कन्साइनमेंट पकड़ा गया। मुजफ्फरपुर डीआरआई की टीम को कामयाबी मिली। चम्पारण के चकिया टोल प्लाजा पर जांच के दौरान एक कंटेनर को रोककर उसकी तलाशी ली गई तो विदेशी सिगरेट बरामद हुआ।

कार्रवाई के दौरान मौके से दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि म्यांमार से गुवाहाटी होते हुए कन्साइनमेंट को बिहार से यूपी भेजा जा रहा था। मगर मुजफ्फरपुर में इसे जब्त कर लिया गया। साथ ही गिरफ्तार दो व्यक्तियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। डीआरआई की टीम अब सिंडिकेट के सरगना तक पहुंचने को लेकर कार्रवाई करने में जुटी है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/bihar/muzaffarpur/foreign-cigarettes-worth-one-crore-seized-in-muzaffarpur-while-going-from-myanmar-to-uttar-pradesh/videoshow/87061832.cms